# न्यू मीडिया में हैं करियर की अपार संभावनाएं : प्रो. संजय द्विवेदी

नई दिल्ली, 22 जून। ”वेबसाइट, मोबाइल एप और ओटीटी प्लेटफॉर्म में जिस तरह लोगों की रुचि बढ़ रही है, उसे देखकर ये कहा जा सकता है न्यू मीडिया ही वो क्षेत्र है, जिसमें करियर की सबसे अधिक संभावनाएं हैं।” यह विचार भारतीय जन संचार संस्थान के महानिदेशक प्रो. संजय द्विवेदी ने जयपुर करियर फेयर’ में आयोजित ऑनलाइन कैरियर काउंसलिंग सेशन में व्यक्त किये। इस काउंसलिंग का आयोजन भारद्वाज फाउंडेशन एवं क्रैडेंट टीवी के संयुक्त तत्वाधान में किया गया।

कार्यक्रम में राजस्थान चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के मानद महासचिव *डॉ. केएल जैन, डाटा इंफोसिस के चेयरमैन अजय डाटा, मणिपाल यूनिवर्सिटी, जयपुर के कुलपति प्रो. जीके प्रभु, मारवाड़ी यूनिवर्सिटी, राजकोट के कुलपति प्रो. संदीप संचेती. और जेके लक्ष्मीपत यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति प्रो. आर एल रैना ने भी भाग लिया।

इस अवसर पर प्रो. द्विवेदी ने मीडिया संगठनों की कार्य प्रणाली से विद्यार्थियों को अवगत कराया तथा इस क्षेत्र में करियर की संभावनाओं को लेकर अपने विचार साझा किये। उन्होंने कहा कि लेखन, डिजाइनिंग और फोटोग्राफी जैसे कौशल वाले क्षेत्रों में मीडिया संगठनों में अवसर खुले हैं। पत्रकारिता के अलावा विद्यार्थी अन्य करियर विकल्प का चयन कर सकते हैं, जिसमें फिल्म या टीवी के लिए प्रोडक्शन तथा लेखन, निजी क्षेत्र में कॉरपोरेट कम्युनिकेशन और डिजिटल मार्केटिंग में काफी अवसर हैं।

प्रो. द्विवेदी ने कहा कि कोविड-19 ने मीडिया के परिदृश्य को बदल दिया है, इसलिए विद्यार्थियों के लिए ई-कॉमर्स और डिजिटल मीडिया कंपनियों में कंटेंट क्रिएशन में रोजगार के अनेक अवसर हैं। टीवी और फिल्म संगठनों के अलावा, ओटीटी प्लेटफॉर्म भी अच्छे लेखकों की तलाश में हैं। ऐसे में लेखन कार्य में अच्छा कौशल रखने वाले विद्यार्थियों के लिए रोजगार की अपार संभावनाएं हैं।

कार्यक्रम का संचालन प्रसिद्ध मैनेजमेंट गुरु पीएम भारद्वाज ने किया। क्रैडेंट टीवी के निदेशक सनील नरनोलिया. ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस काउंसलिंग में अनेक विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से हिस्सा लिया तथा मीडिया एवं मनोरंजन क्षेत्र में करियर के अवसरों से संबंधित जानकारी हासिल की।